उत्तराखण्ड शासन
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,
पत्रांकः 273/व०नि०स०–स०/चि०स्वा०प०क०वि०/2023
देहरादूनः दिनांक – 05.9. 2023

अध्यक्ष,
इन्डियन मेडिकल एसोसिएशन (आई०एम०ए०),
उत्तराखण्ड।

विषयः डेंगू रोग प्रबंधन के अर्न्तगत प्लेटलेट्स प्रिस्क्रिप्शन विषयक।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप अवगत है कि वर्तमान में उत्तराखंड राज्य के मैदानी क्षेत्रों में डेंगू रोग प्रसारित हो रहा है। डेंगू रोग विगत कुछ वर्षो से एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में परिलक्षित हुआ है।

डेंगू रोग के अधिकांश मामले स्वतः ही मामूली लक्षणों के साथ ठीक हो जाते हैं, हालांकि कुछ ही मामले गंभीर होते हैं जिनमें प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती है।

वर्तमान में यह देखा जा रहा है कि प्लेटलेट्स की आवश्यकता वाले डेंगू रोगियों में सिंगल डोनर प्लेटलेट (SDP) को लेकर अत्यधिक मांग है जिस कारण प्लेटलेट्स उपलब्धता पर अनावश्यक दबाव पड़ रहा है। आप विदित ही है कि रेंडम डोनर प्लेटलेट (RDP) भी डेंगू रोगियों के लिए उतना ही सुविधाजनक है एवं सुगमता से उपलब्ध हो जाता है तथा रोगियों पर अनावश्यक वित्तीय दबाव भी नही पड़ता है। जिन मामलों में शीघ्र ही अधिक मात्रा में प्लेटलेट्स की आवश्यकता है उन मामलों में सिंगल डोनर प्लेटलेट (SDP) प्रिसक्राइब किया जाना उचित होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने स्तर से राजकीय एवं निजी चिकित्सकों को RDP एवं SDP हेतु आवश्यकता अनुसार उचित रूप से प्रिस्क्रिप्शन देने के लिए प्रोत्साहित करने का कष्ट करें ताकि प्लेटलेट्स की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार के अनावश्यक दबाव को रोका जा सके।

डेंगू रोगियों के उपचार के लिये प्लेटलेट्स के उचित प्रिस्क्रिप्शन तथा मानकानुसार उपचार के सम्बन्ध में राज्य स्तरीय डेंगू रोग चिकित्सा उपचार दिशानिर्देश संलग्न कर प्रेषित किये जा रहे हैं।

संलग्न – यथोपरि।

(डा० आर० राजेश कुमार) 5/9/2023
सचिव
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख निजी सचिव, मुख्य सचिव उत्तराखण्ड को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. अपर सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
3. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
4. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
5. महासचिव, स्टेट आई०एम०ए० ब्रान्च, उत्तराखण्ड।
6. प्रभारी अधिकारी, एन०वी०बी०डी०सी०पी०।
7. सम्बन्धित अनुभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
8. निदेशक, चिकित्सा शिक्षा, उत्तराखण्ड।
9. प्र० महासचिव, भारतीय रेडक्रास समिति, उत्तराखण्ड।
10. प्रबंधक, ब्लड बैंक, आई० एम० ए०, उत्तराखण्ड।
11. समस्त जिलाधिकारीगण, उत्तराखण्ड।
12. समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उत्तराखण्ड।

5/9/2023
सचिव
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा

Scanned with OKEN Scanner